Title : Request for resumption of train stoppage at Samba Railway Station श्री जुगल किशोर **(जम्मू) :** महोदया, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्रालय एवं रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र साम्बा की ओर ले जाना चाहता हूं। साम्बा एक बड़ा शहर है और यहां एक बड़ा रेलवे स्टेशन है। यहां जो ट्रेनें चला करती थीं, कोरोना काल के बाद उनका ठहराव बंद हो गया है। कोरोना काल से पहले वहां काफी ट्रेनें रुका करती थीं जैसे कि जम्मू मेल, मालवा, झेलम, हेमकुंड आदि। लेकिन आज की तारीख में केवल हेमकुंड रेल ही साम्बा में रुकती है। इन ट्रेनों का ठहराव कोरोना काल में बंद हुआ था और आज तक इनका ठहराव बंद है। मेरी आपके माध्यम से रेलवे मंत्रालय से प्रार्थना है कि इस वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और उन्हें रेल पकड़ने के लिए या तो पठानकोट जाना पड़ता है या जम्मू जाना पड़ता है। जो लोग इन दिक्कतों का सामना करते हैं, उनका कहना है कि इतनी परेशानी से बेहतर यह है कि हम बस द्वारा ही सफर करें क्योंकि रेलवे का कोई लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है।

मेरी आपके माध्यम से प्रार्थना है कि जिन रेलों का वहां कोरोना काल से पहले ठहराव होता था, उनका ठहराव जारी किया जाए जैसे जम्मू मेल, मालवा, झेलम और सम्पर्क क्रांति आदि। धन्यवाद।